हिन्दी

अध्याय-4: धर्म चक्र प्रवर्तन

SHIVOM CLASSES 8696608541

NCERT SOLUTIONS

प्रश्न (पृष्ठ संख्या 65)

प्रश्न 1 बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद सिद्धार्थ ने प्रथम उपदेश कहाँ और किन्हें दिया?

उत्तर- बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद सिद्धार्थ ने अपना प्रथम उपदेश मृगदाव वन के उन पाँच भिक्षुओं को दिया जिन्होंने शाक्यमुनि को तप-भ्रष्ट भिक्षु मानकर उनका साथ छोड़ दिया था|

प्रश्न 2 अष्टांग योग की प्रमुख बातों का उल्लेख कीजिए?

उत्तर- शरीर को कष्ट देने के बजाय योग की युक्तियों से ज्ञान को प्राप्त करना, कष्टकर, तप और आसक्तिमय भोग को त्याग कर बोध को प्राप्त करना,मध्य मार्ग कहलाता है और यही मध्य मार्ग तीनों लोकों में 'अष्टांग योग' के नाम से प्रसिद्ध हैं| अष्टांग योग के माध्यम से हम सांसारिक मोह-माया से खुद को मुक्त कर सकते हैं|

प्रश्न 3 भगवान बुद्ध काशी से राजगृह क्यों आए?

उत्तर- भगवान बुद्ध को अपने शिष्यों को उपदेश देने के बाद आकास्मक याद आया कि उन्होंने मगध के राजा बिंबसार को यह वचन दिया था कि वह अपने ज्ञान प्राप्ति के बाद उन्हें धर्म की उपदेश और दीक्षा देंगे| अपने इसी वचन को पूरा करने के लिए भगवान बुद्ध काशी से राज गृह आए|

प्रश्न 4 प्रसेनजित ने भगवान बुद्ध से क्या निवेदन किया?

उत्तर- भगवान बुद्ध के कोसल प्रदेश आने पर प्रसेनजित काफी प्रसन्न हुए, उन्होंने भगवान बुद्ध से कोसल प्रदेश में ही निवास करने का निवेदन किया|

प्रश्न 5 तथागत ने कर्म के बारे में शुद्धोदन को क्या समझाया?

उत्तर- तथागत ने कर्म के बारे में शुद्धोदन को यह समझाया कि इस सारे संसार का मूल मंत्र कर्म है| कर्म ही है जो मृत्यु के बाद भी आपके साथ होता है| इसलिए आप कर्म का स्वभाव, कारण,

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

SHIVOM CLASSES 8696608541

फल और आश्रय इन चारों को समझने की कोशिश करें| आप शांति के पथ को अपनाएँ जिससे आप द्वेष,ईर्ष्या, मोह,माया सब पर काबू पा सकेंगे|

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)